## विशेष चीज़ें जो आपको अवश्य देखनी चाहिए:

1. सीनेट तथा हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ैन्टेटिव्स के कक्ष, जहाँ 226 सांसद ऑस्ट्रेलिया की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रस्तावित क़ानूनों तथा सार्वजनिक नीतियों पर तीखी बहस करते हैं। कक्षों के आभासी (वर्चुअल) भ्रमणों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं और संसद के कामकाज के बारे में और अधिक जानें।
2. संसद भवन की छत से कैनबरा की दृश्यावली बहुत अच्छी नज़र आती है तथा 101 मीटर ऊँचे ध्वज मस्तूल के निकट जाने का अवसर मिलता है।
3. सदस्यों का सभागृह भवन के बीच में ध्वजस्तंभ के ठीक नीचे स्थित है। इसकी दीवारों पर महारानी तथा देश के भूतपूर्व गवर्नर्स-जनरल, प्रधानमंत्रियों, सभापतियों तथा संसद के अध्यक्षों की तस्वीरें लगी हुई हैं।
4. द ग्रेट हॉल टेपेस्ट्री (संसद भवन के भीतर स्थित चित्र यवनिका) को पूरा करने में 13 बुनकरों को दो साल से भी अधिक का समय लगा था और यह विश्व की विशालतम टेपेस्ट्रिज़ में से एक है।
5. *मैग्ना कार्टा 1297*, को संसदीय लोकतंत्र का आधारभूत दस्तावेज़ घोषित किया गया था। संसद भवन दक्षिणी गोलार्द्ध में इसकी एकमात्र प्रति का संरक्षक है।
6. संसद भवन के अग्र-प्रांगण में, समारोह स्थल के लिए एक विशाल स्थान है जिसके मध्य भाग में ग्रेनाइट से मोज़ैइक (पच्चीकारी) की गई है जो इंडीजनस कलाकार माइकल नेल्सन जैगामारा की पेन्टिंग *पौसम एंड वालाबी ड्रीमिंग पर* आधारित है।

## खुलने का समय:

**संसद भवन, क्रिसमस दिवस को छोड़कर, प्रत्येक दिन खुला रहता है, खुलने का समय निम्नलिखित है:**

**संसदीय सत्र के दिनों में:**

**सवेरे 9.00 से शाम 6.00 तक (सोम और मंगल)**

सवेरे 8.30 से शाम 6.00 तक (बुध और गुरु)

**Non-sitting days:** 9.00am–5.00pm

**सत्र न चलने के दिनों में:** सवेरे 9.00 से शाम 5.00 तक

# ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में आपका स्वागत है

## क्या-क्या किया जा सकता है:

### संसद भवन के भ्रमण (टूर) में आपका स्वागत है

इस निःशुल्क भ्रमण से संसद भवन का बहुत अच्छा परिचय मिलता है। आप हमारे मित्रतापूर्ण व्यवहार वाले गाइडों में से किसी एक के साथ सदनों के भीतर पधारेंगे और इस प्रतिष्ठित भवन की कुछ अन्य विशेषताएँ देखेंगे।

**प्रतिदिन सवेरे 9.30, 11.00, दोपहर 1.00, 2.00 तथा 3.30 पर**

### एक विस्तृत भ्रमण के द्वारा और ज़्यादा जानें

हम प्रतिदिन विस्तृत भ्रमण उपलब्ध कराते हैं जिनके पैसे लगते हैं। इन भ्रमणों में से कुछ में इस भवन तथा संसद के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए घुमाया जाता है जबकि अन्य भ्रमणों में विशेष किस्से बताए जाते हैं। उन दिनों में, जब संसद का सत्र नहीं चल रहा होता है, तब सशुल्क भ्रमणों में ऐसी जगहों पर भी ले जाया जा सकता है जहाँ आम तौर पर नहीं ले जाया जाता।

जिन जगहों पर सत्र के समय नहीं ले जाया जाता वहाँ जाने वाले भ्रमणों में शामिल होने के लिए आपको अपनी फोटो सहित पहचान प्रस्तुत करनी होगी।

**आज के भ्रमणों के बारे में सलाह के लिए सूचना डेस्क पर हमारे कर्मचारी से बात करें, ये भ्रमण प्रतिदिन सवेरे 10.00 पर, दोपहर 12.00 तथा 3.00 पर शुरु होते हैं।**

सशुल्क भ्रमणों में हिस्सा लेने वाले व्यक्ति अपने भ्रमण वाले दिन, संसद की दुकान से की गई किसी भी ख़रीद पर 10% छूट का लाभ उठा सकते हैं।

### संसद में कार्यवाही देखें

संसदीय सत्र वाले दिवसों में आगंतुक, सीनेट तथा हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ैन्टेटिव्स दोनों में चल रही कार्यवाहियों को, सदनों के भीतर स्थित सार्वजनिक दीर्घाओं में जाकर देख सकते हैं। सीनेट तथा हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ैन्टेटिव्स, दोनों में दोपहर 2.00 से प्रश्नकाल चालू होता है। हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ैन्टेटिव्स में प्रश्नकाल के समय जाने के लिए टिकटों की बुकिंग आपके पधारने वाले दिन दोपहर 12.30 तक सार्जेंट-एट-आर्म्स के कार्यालय में (02) 6277 4889 पर फ़ोन करके करवाई जा सकती है। सीनेट में प्रश्नकाल के समय जाने के लिए बुकिंग कराने की आवश्यकता नहीं होती।

**हमारी सूचना डेस्क पर उपस्थित कर्मचारी आपको बता सकता है कि संसद में आज क्या हो रहा है।**



### संसद में दुकान

संसद में स्थित दुकान में भवन से उत्प्रेरित उच्च कोटि की निशानियों सहित विभिन्न प्रकार की उपहार वस्तुएं, ऑस्ट्रेलियाई कला तथा शिल्प एवम् एबोरीजनल और टोरस स्ट्रेट आईलैण्ड के स्कार्फों, टाइयों तथा अन्य अनोखे उत्पादों का मनोहर संग्रह बिक्री के लिए उपलब्ध है।

सवेरे **9.00** से शाम **5.00** तक (अथवा संसद सत्र के दौरान शाम **5.45** तक)

### क्वीन्स टैरेस कैफ़े

क्वीन्स टैरेस कैफ़े में आप विश्राम कर सकते हैं तथा पुनः तरोताज़ा हो सकते हैं।

**इस कैफ़े में प्रतिदिन सवेरे 9.00 से शाम 4.30 तक नाश्ते की चीज़ें तथा हल्का भोजन परोसा (बेचा) जाता है। भोजन तथा पेय पदार्थों का उपभोग केवल कैफ़े के क्षेत्र के भीतर ही किया जा सकता है।**

### पार्किंग

सप्ताहांत, सार्वजनिक अवकाश के दिनों में तथा कार्य-दिवसों में प्रथम दो घंटे तक, पार्किंग निःशुल्क होती है। कार-पार्क के अंत में मुख्य प्रवेश स्थल के नज़दीक, पार्किंग के पैसे देने के लिए मशीनें स्थित हैं।

### हमसे संपर्क करें

हमारी वेबसाइट पर जाएं और संसद भवन के नवीनतम कार्यक्रमों, भ्रमणों तथा प्रदर्शनियों के बारे में ताज़ा जानकारी प्राप्त करने के लिए सब्सक्राइब करें।

visitorservices@aph.gov.au

02 6277 5399

## निःशुल्क वाई-फाई

**aph.gov.au/visitparliament**

Facebook Twitter Instagram


# ऑस्ट्रेलिया का संसद भवन

## हमारे देश का मिलन स्थल



AUSTRALIAN PARLIAMENT HOUSE

# भूतल




## आगंतुकों के देखने लायक चीज़ें

1. द ग्रेट हॉल
2. टेपेस्ट्री (चित्र यवनिका)
3. कशीदाकारी
4. अस्थायी प्रदर्शनियों के लिए निर्धारित स्थल
5. सदस्यों का सभागृह
6. हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ैन्टेटिव्स
7. सीनेट
8. मुख्य समिति कक्ष के फ़ोयर में लगी टॉम रॉबर्ट्स की, द बिग पिक्चर
9. मैग्ना कार्टा
10. दर्शक कक्ष
11. क्वीन्स टैरेस दीर्घा
12. महामहिम महारानी एलिज़ाबेथ II की प्रतिमा
13. संसद को दिए गए आधिकारिक उपहार

## सुविधाएँ

- ATM एटीएम
- शिशु चेंज (नैपी आदि बदलने के लिए) कक्ष
- कैफ़े
- क्लोकरुम (सामानघर) तथा टिकट कार्यालय केवल संसद सत्र चालू रहने के दौरान
- संपूर्ण भवन में हर जगह निःशुल्क वाई-फाई
- संसद की दुकान
- सूचना डेस्क
- लिफ्ट
- मातापिता द्वारा बच्चों के लिए उपयोग हेतु कक्ष
- डाकघर
- सार्वजनिक दीर्घा
- सार्वजनिक फ़ोन
- सुरक्षा डेस्क
- थियेटर
- शौचालय

# प्रथम तल

